जिला प्रशासन ने श्रावण मास के लिए झोंकी ताकत, 50 लाख श्रद्धालु आएंगे

- महाकाल की 6 सवारी निकलेगी, सुरक्षा के रहेंगे इंतजाम
- कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोशन सिंह लेंगे प्रबंध समिति की बैठक
- सावन से पहले मार्ग दुरुस्त करने में जुटे अधिकारी

नव भारत न्यूज

उज्जैन. विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर की 6 सवारी सावन-भादौ मास के मद्देनजर निकलेगी, इसके लिए जिला कलेक्टर एवं महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह ने तैयारियों के निर्देश दिए हैं, मंदिर प्रबंध समिति की बैठक भी शनिवार को ली जाएगी.

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि 11 जुलाई से श्रवण मास प्रारंभ हो रहा है, 14 जुलाई को बाबा महाकाल की पहली सवारी निकलेगी. ऐसे में लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के उज्जैन आगमन की हम व्यवस्था कर रहे हैं. सवारी मार्ग को भी दुरुस्त किया जा रहा है. जर्जर मकानों से लेकर अवैध निर्माण अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं. सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है, श्रद्धालुओं को निर्बाध दर्शन बाबा महाकाल के कराए जाएंगे.

पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन

यूं तो महाकाल मंदिर समिति की बैठक 26 जून को की गई थी, जिसमें प्राथमिक तौर की तैयारी

बताई गई थी, अब चूँकि सावन माह प्रारंभ होने को है, ऐसे में कितनी व्यवस्था श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर की गई है, एवं महाकाल भगवान भक्तों को दर्शन देने के लिए जिन मार्गो से निकलेंगे वहां पर किस प्रकार सुविधा उपलब्ध की जाएगी. इसको लेकर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रबंध समिति की बैठक में जिम्मेदार अफसरों को जानकारी कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह द्वारा दी जाएगी.

आज होगी बैठक

महाकाल मंदिर प्रशासक एवं एडीएम प्रथम कौशिक से लेकर एसडीएम एल एन गर्ग और विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक से लेकर अन्य विभाग के अधिकारियों ने भी मंदिर के संबंध में अपनी अपनी जानकारी कलेक्टर को प्रदाय की है, कई तरह के निर्माण कार्य भी चल रहे हैं. ऐसे में जिला कलेक्टर लगातार मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं. महाकाल मंदिर से लेकर सवारी मार्ग और रामघाट से लेकर सवारी वापसी मार्ग की पूरी प्रक्रिया और दर्शन के संबंध में आज दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह समिति की बैठक लेंगे.

भस्म आरती का समय बदलेगा

सावन माह में बाबा महाकाल की भस्म आरती का समय भी बदल जाएगा. 11 जुलाई से यह समय बदलेगा जिसमें 2.30 पर महाकाल मंदिर के पट खोले जाएंगे और भस्म आरती प्रारंभ होगी. 14 से 4 अगस्त तक 2.30 से 3 के बीच में ही भस्मारती हो जाएगी. साथ ही चलित भस्म आरती के लिए कार्तिकेय मंडप रिक्त रखा जाएगा, जो श्रद्धालु भस्म आरती की अनुमति नहीं ले पाते हैं उन्हें चलित दर्शन भस्म आरती के कराए जाएंगे.

एसपी बोले सुरक्षा के बेहतर इंतजाम

एसपी प्रदीप शर्मा ने चर्चा में बताया कि 50 लाख श्रद्धालु सावन और भादो के मास में उज्जैन आएंगे. ऐसे में पुलिस बल बड़ी संख्या में उपलब्ध रहेगा. बैरिकेट्स, सीसीटीवी कैमरे, एलाउंसमेंट, वज्र वाहन, बम स्क्वॉड डॉग स्कॉट जैसे सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम रहेंगे. बाबा महाकाल की सवारी में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं सुरक्षा का पूर्णत- ध्यान रखा जाएगा.

ड्यूटी के दौरान आरक्षक ने खुद को गोली मारी, मौत

- पारिवारिक तनाव की आशंका

नवभारत न्यूज

इंदौर. शुक्रवार तड़के करीब पाँच बजे द्वारिकापुरी क्षेत्र की दिग्विजय मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में तैनात 28 वर्षीय आरक्षक ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. शुरुआती जाँच में पत्नी से विवाद और बढ़ा हुआ ड्यूटी शेड्यूल आत्मघाती कदम की वजह माने जा रहे हैं.

मृतक अनुराग भागोर मूलत: अलीराजपुर का निवासी था और हाल ही में सर्राफा थाने से द्वारिकापुरी

थाने में पदस्थ किया गया था. घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद सहकर्मी सिपाही रोहित ने बताया कि अनुराग मोबाइल पर आ रहे कॉल नहीं उठा रहा था. सुबह अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी. उसे फ्लैट में लहूलुहान हालत में पाया गया. सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुँचे तथा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा. जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. परिवार से मिली जानकारी के अनुसार अनुराग की डेढ़ साल पहले रानू से प्रेम विवाह हुआ था. पत्नी पिछले सात दिनों से मायके में है, जहाँ उसके भाई का अरविंदो अस्पताल में इलाज चल रहा है. इसी दूरी को लेकर दंपती के बीच मनमुटाव चल रहा था. गुरुवार देर रात अनुराग ने दोस्त विकास वसुनिया से फोन पर कहा था कि पत्नी कॉल नहीं उठा रही अब उसकी लाश ही देखेगी, वह लाश के पास भी न भटके. माना जा रहा है कि यह उसकी आखिरी बातचीत थी.

ड्यूटी के घंटों में हुई थी बढ़ोतरी

परिजन बताते हैं कि द्वारिकापुरी में नई पोस्टिंग के बाद अनुराग की ड्यूटी घंटों में बढ़ोतरी हुई, जिससे वह न तो घर जा पा रहा था, न अस्पताल. पिता पशु चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत्त हैं, परिवार में बड़ा भाई अविनाश और छोटा भाई देवेंद्र है. दिग्विजय मल्टीस्टोरी आईडीए की इमारत है, जहाँ अक्सर नशाखोरी और विवाद के कारण पुलिस निगरानी लगाई जाती है. जिस फ्लैट में घटना हुई वह पुलिस विभाग को आवंटित है.

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई

पड़ोसी श्यामलाल बामनिया ने पुलिस को बताया कि रात 11 बजे वे शादी से लौटे, पर किसी तरह की आवाज नहीं सुनी. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर फोन रिकॉर्ड, ड्यूटी रजिस्टर और मित्रों के बयान दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है. शहर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी.

कार्यकर्ताओं की ताकत से चलती है भाजपा

- भोपाल के कारण ही पूरे प्रदेश में खिला कमल

भोपाल, 4 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविन्द्र भवन सभागार में स्वागत समारोह को संबोधित किया.

अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवार नहीं, कार्यकर्ताओं की ताकत से चलती है. मैं आपके बीच का ही कार्यकर्ता हूं और इसी भावना से अपने काम का निर्वाह करूंगा. अगर कार्यकर्ता तय कर ले, तो कोई चुनाव जीतना मुश्किल नहीं है. संगठन महामंत्री हतानंद ने कहा कि जनसंघ की स्थापना जिन विचारों और उद्देश्यों को लेकर हुई थी, हमने उन विचारों से कभी समझौता नहीं किया. कार्यक्रम को मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री

उमाशंकर गुप्ता, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया. प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि हमारे संगठन में कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है. भाजपा एकमात्र ऐसा दल है, जो कार्यकर्ताओं के परिश्रम से चलता है. आज हर बूथ पर, हर मंडल में हजारों कार्यकर्ता हैं.

लेकिन उस समय एक जिले में 2-4 कार्यकर्ता ही हुआ करते थे. उस यात्रा को आगे बढ़ाने का काम श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे ने किया, जिनका भोपाल से नाता रहा है. प्यारेलाल खंडेलवाल, स्वर्गीय नारायण प्रसाद गुप्ता, स्वर्गीय कैलाश सारंग, स्वर्गीय सुशील चंद्र वर्मा, स्वर्गीय गौरीशंकर कौशल, स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ सिंह, स्वर्गीय रमेश शर्मा गुड्डू भैया, शैलेंद्र प्रधान जैसे अनेकों कार्यकर्ताओं ने भाजपा को भोपाल सहित पूरे प्रदेश और देश में स्थापित करने का काम किया. खंडेलवाल ने कहा कि भोपाल राजनीतिक दृष्टि से एक कठिन जिला रहा है. यहां से कोई भी नेता 100-150 लोगों को लेकर बैतूल जाकर चुनाव जीतकर आ जाता था, क्योंकि भोपाल में जीतना मुश्किल था. आप लोगों ने भोपाल में पार्टी को मजबूत किया, उसके बाद ही पूरे प्रदेश में कमल खिल सका, क्योंकि भोपाल का असर पूरे प्रदेश पर होता है.

> भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि जनसंघ की स्थापना विचारों और उद्देश्यों लेकर हुई थी. हमारी पार्टी ने इन राष्ट्रवादी विचारों को अंगीकार कर सदैव राष्ट्र को प्रथम मानकर कार्य किया और कभी विचारों से समझौता नहीं किया. विश्व में सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली भाजपा आज देश का विकास करने के साथ अंत्योदय के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है. केरल और बंगाल जैसे राज्यों में आज भी हमारे कार्यकर्ता कठिन संघर्ष कर रहे हैं और अनेक यातनाएं झेल रहे हैं.

खेतों में जाली लगाने का आधा खर्च देगी सरकार

भोपाल. फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर जाली लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी. अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर गेलनवाईज जाली लगवा सकते है. उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं. आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है. विभाग द्वारा किसानों को जाली लगाने में आने वाला खर्च का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा. जाली लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा.

कब्जा नोटिस

जबकि, जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकताओं(ओं) को मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकताओं से आह्वान किया गया है कि वे नोटिस की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को ब्याज सहित उक्त नोटिस में उल्लिखित दरों पर चुकाएं, साथ ही भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि पर ब्याज भी अदा करें।

क्र. सं.	ऋण संख्या	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता	13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रुपये में)	दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार
1	45578240000154	1) श्री विक्रम लाल पुत्र. मदन लाल, 2) श्रीमती मधुबाई पत्नी। विक्रम लाल	16.04.2025, रु. 2,71,638.31/- (दो लाख इकहत्तर हजार छह सौ अड़तीस और इकतीस पैसे मात्र) 11.04.2025 तक	दिनांक: 03.07.2025, समय: 01.10 अपराह्न प्रतीकात्मक कब्जा
	सुरक्षित संपत्ति का विवरण; मकान/प्लॉट नंबर 171 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 850 वर्ग फीट है, साथ ही उस पर निर्माण, खसरा नंबर 497, पी.एच. नंबर 66 का हिस्सा, ग्राम-उज्जैनिया में, ग्रामपंचायत उज्जैनिया, जनपद पंचायत घटिया, तहसील घटिया और जिला उज्जैन (म.प्र.) की सीमा के भीतर स्थित है। चारों ओर: पूर्व में: हाकम सिंह का घर, पश्चिम में: आम रास्ता, उत्तर में: बलराम का घर और दक्षिण में: सड़क।			
2	47170430000327	1) श्री राजाराम पुत्र शंकरलाल 2) श्रीमती कृष्णा बाई पत्नी शंकरलाल	16.04.2025; रु. 4,00,859.03/- (चार लाख आठ सौ उनसठ और तीन पैसे मात्र) 11.04.2025 तक	दिनांक: 03.07.2025 समय: 05.15 अपराह्न प्रतीकात्मक कब्जा
	सुरक्षित संपत्ति का विवरण: मकान/प्लॉट नंबर 125 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1600 वर्ग फीट (111.48 वर्ग मीटर) है, तथा उस पर निर्माण कार्य, पी.एच. नंबर 10, ग्राम-खेड़ा, सर्वे नंबर 379, वार्ड नंबर 1, ग्रामपंचायत पचोला, जनपद पंचायत तराना, तहसील माकडोन और जिला उज्जैन (म.प्र.) की सीमा के भीतर स्थित है। चारों ओर: पूर्व में: बद्रीलाल का मकान, पश्चिम में: रतनलाल का मकान, उत्तर में: शिवपाल सिंह की भूमि और दक्षिण में: आम सड़क।			
3	47170430000191	1) श्री भरत सिंह भिलाला पुत्र कोदू लाल, 2) श्रीमती ममता बाई पत्नी भरत सिंह भिलाला	16.04.2025, रु. 2,74,236.70/- (रुपये दो लाख चौहत्तर हजार दो सौ छत्तीस और सत्तर पैसे मात्र) 11.04.2025 तक	दिनांक: 03.07.2025 समय: 05.50 अपराह्न प्रतीकात्मक कब्जा
	सुरक्षित संपत्ति का विवरण: प्लॉट/मकान नंबर 47 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका कुल क्षेत्रफल 525 वर्ग फीट (48.77 वर्ग मीटर) है, उस पर निर्माण सहित, सर्वे नंबर 150 का हिस्सा, पुराना पी.एच. नंबर 61 और नया पी.एच. नंबर 23, ग्राम-सुवागाव में स्थित है, ग्रामपंचायत बेरची, तहसील ता-राणा और जिला उज्जैन (म.प्र.) की सीमा के भीतर। सीमा: पूर्व में: आम सड़क, पश्चिम में: कृषि भूमि, उत्तर में: मोहन सिंह का घर और दक्षिण में: स्वयं का कच्चा मकान।			
4	36410430000499	1) श्री दुर्गा लाल पुत्र लक्ष्मण, 2) श्रीमती शोद्रा बाई पत्नी दुर्गा लाल	24.04.2025; रु. 5,27,172.73/- (पांच लाख सत्ताईस हजार एक सौ बहत्तर और तिहत्तर पैसे मात्र) 20.04.2025 तक	दिनांक: 04.07.2025 समय: 09.05 सुबह प्रतीकात्मक कब्जा
	सुरक्षित संपत्ति का विवरण: प्लॉट/मकान नंबर 169/1 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 972 वर्ग फीट (90.33 वर्ग मीटर) है, तथा उस पर निर्माण कार्य, पी.एच. नंबर 00085, खसरा नंबर 185, ग्राम-निम्बोदिया (खुर्द) में स्थित है, जो ग्राम पंचायत निम्बोदिया (खुर्द), तहसील नागदा और जिला उज्जैन (म.प्र.) की सीमा के भीतर है। सीमा: पूर्व में: लक्ष्मण पुत्र मांगीलाल का मकान, पश्चिम में: लालू पुत्र मांगीलाल का मकान, उत्तर में: कॉमन रोड (पी.एम. रोड) और दक्षिण में: लक्ष्मण पुत्र मांगीलाल की जमीन			
5	36410430000272	1) श्री सुरेश बोडाना पुत्र हिंदू जी, 2) श्रीमती वसंता पत्नी हिंदू जी	24.04.2025, रु. 4,88,033.92/- (रुपये चार लाख अट्ठासी हजार तैंतीस और बानवे पैसे मात्र) 20.04.2025 तक	दिनांक: 04.07.2025 समय: 09.40 सुबह प्रतीकात्मक कब्जा
	सुरक्षित संपत्ति का विवरण: प्लॉट/मकान नंबर 50 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट (116.17 वर्ग मीटर) है, तथा उस पर निर्माण कार्य, पी.एच. नंबर 63, खसरा नंबर 1410, ग्राम-बडागांव में, ग्रामपंचायत बडागांव, तहसील खाचरोद और जिला उज्जैन (म.प्र.) की सीमा के भीतर स्थित है। चारों ओर: पूर्व में: रामसिंह डोडिया का घर, पश्चिम में: माताजी का मंदिर, उत्तर में: सड़क और दक्षिण में: श्रवण सिंह का घर।			
6	36410540000018	1) श्री भरत लाल पुत्र मोहनलाल, 2) श्रीमती अंगुरबाला पत्नी भरत लाल	24.04.2025; रु. 5,10,049.92/- (रुपये पाँच लाख दस हजार उनचास और बानवे पैसे मात्र) 20.04.2025 तक	दिनांक: 04.07.2025 समय: 11.10 सुबह प्रतीकात्मक कब्जा
	सुरक्षित संपत्ति का विवरण: प्लॉट/मकान नंबर 57 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 550 वर्ग फीट (51.11 वर्ग मीटर) है, साथ ही उस पर निर्माण, पी.एच. ग्राम पंचायत रूपेटा, तहसील नागदा एवं जिला उज्जैन (म.प्र.) की सीमा के अंतर्गत ग्राम-रूपेटा (फाटक) में स्थित नं. 27। सीमा: पूर्व में आम सड़क, पश्चिम में आम सड़क, उत्तर में सत्यनारायण जी सुतार का मकान तथा दक्षिण में राधेश्याम जी पाटीदार का मकान।			

चूंकि, ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं/गारंटर/बंधककताओं और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: इन्दौर | एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
दिनांक: 05.07.2025 | जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

JANA SMALL FINANCE BANK (A Scheduled Commercial Bank)

पंजीकृत कार्यालय: द फेयरवे, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, सर्वे नं.10/1, 11/2 और 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लघट्टा, बेंगलुरु-560071। शाखा कार्यालय: प्लॉट नं.306-ए, पीयू 4, स्कीम नं.54, कंट्री इन होटल के पास, मेन ए.बी. रोड, विजय नगर, इंदौर-452010।

पेज एक का शेष

राशि के बजाय लैपटॉप देगी सरकार...

लैपटॉप के लिए राशि पाने वाली 60 फीसदी बेटियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रतिभाओं को सम्मान देना और स्वर्णिम भविष्य की संभावनों को पोषित करना और हर संभव सहायता करना प्रदेश सरकार का दायित्व है। योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि दी गई है, उनमें 60 प्रतिशत बेटियां और 40 प्रतिशत बेटे शामिल हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बेटियां चुनौतियों को पार करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं. अब बेटों को भी अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी. सीएम ने कहा कि 15 साल पहले शुरू हुई इस योजना का लाभ अब तक 4 लाख 32 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मिल चुका है. इस दौरान राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण पर 1080 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि खर्च की है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूल शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं. इसी का परिणाम है कि इस वर्ष शासकीय स्कूलों में बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 52 प्रतिशत और निजी स्कूलों में 48 प्रतिशत रहा है. वर्ष 2025 में सरकारी स्कूलों के लगभग 49 हजार और निजी स्कूलों के 44 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप का लाभ मिला है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सीमित संसाधन होते हुए भी कई गुदड़ी के लाल सामने आए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वे स्वयं और मंत्रिमंडल के सभी साथियों ने सरकारी स्कूलों में ही प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है. सरकारी स्कूलों से ही देश को गुदड़ी के लाल मिले हैं. सरकारी स्कूल ही अब बेहद प्रभावकारी हो गए हैं.

तुममें से कोई ये क्यों नहीं कहता कि मैं नेता बनूंगा

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बच्चों के साथ संवाद भी किया. ज्यादातर बच्चों ने डॉक्टर, इंजीनियर बनने की ख्वाहिश जाहिर की, लेकिन किसी ने भी नेता बनने की बात नहीं की. इस पर मुख्यमंत्री ने बच्चों से सवाल पूछते हुए कहा कि तुममें से कोई यह क्यों नहीं कहता कि मैं नेता बनूंगा, चुनाव लड़ूंगा और देश की सेवा करूंगा? डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस बनना बहुत अच्छा है, लेकिन समाज को चलाने के लिये अच्छे नेताओं की भी जरुरत है. सुभाष चंद्र बोस का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने आईसीएस जैसी बड़ी परीक्षा पास की, लेकिन उन्होंने उस डिग्री को फाड़कर फेंक दिया था. यह कहते हुए कि यह परीक्षा अंग्रेजों को बताने के लिये दी थी कि भारतीयों में बुद्धि की कोई कमी नहीं. ऐसा स्वाभिमान ही देश को आगे ले गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने की. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह भी मौजूद थे.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60